
## खास-खबरें

### वैदिक ने लंदन से किया एमबीए



**सागर :** सागर संसदीय क्षेत्र की सांसद डॉ लता वानखेड़े के बेटे वैदिक वानखेड़े ने यूनिवर्सिटी ऑफ़ बेस्ट लंदन से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। वैदिक की यह उपलब्धि केवल एक शैक्षणिक सफलता नहीं बल्कि वैदिक की मेहनत; अनुशासन; समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। वानखेड़े परिवार से जुड़े सभी लोगों ने कहा बेटे की इस उपलब्धि पर हमें नाज है। सांसद लता वानखेड़े ने कहा मेरे पुत्र वैदिक वानखेड़े ने यूनिवर्सिटी ऑफ़ वेस्ट लंदन से एमबीए की डिग्री सफलतापूर्वक प्राप्त की है। यह उपलब्धि केवल एक शैक्षणिक सफलता नहीं, बल्कि आपकी मेहनत, अनुशासन, समर्पण और दृढ़ संकल्प का सुंदर परिणाम है। मालूम हो वैदिक ने बुंदेलखंड अंचल के सागर शहर से जो प्राइमरी की शिक्षा प्राप्त की है उसमें भी उसने हमेशा अब्बल श्रेणी में अपना नाम दर्ज कराया है।

### दतिया उपचुनावः रिशांक तिवारी संगठनात्मक व मीडिया गतिविधियों में रहे सक्रिय



**सागर :** दतिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के युवा व ऊर्जावान प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में जारी अभियान के दौरान भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट रिशांक तिवारी ने रविवार को दतिया में विभिन्न चुनावी, संगठनात्मक एवं मीडिया गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई।

रविवार सुबह रिशांक तिवारी ने भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, पूर्व सांसद आलोक संजर और कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड क्रमांक 9 के बूथ क्रमांक 177 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसके पश्चात वे भाजपा मीडिया सेंटर पहुंचे, जहां प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित मीडिया समन्वय बैठक में शामिल हुए। बैठक में दतिया उपचुनाव के लिए प्रभावी जनसंपर्क, मीडिया प्रबंधन और संगठन के संदेशों को बूथ स्तर तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

## नागेश्वर मंदिर के सामने बावड़ी में कूदे बुजुर्ग का शव मिला

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागरः** मोतीनगर थाना क्षेत्र स्थित नागेश्वर मंदिर के सामने स्थित बावड़ी में सोमवार को एक बुजुर्ग के छलांग लगाने की सूचना पर पुलिस और राज्य आपदा आपातकालीन सहायता दल ने संयुक्त रूप से खोज अभियान चलाया। लगभग चार घंटे के प्रयास के बाद बावड़ी से शव बरामद कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ले की एक महिला ने लुंगी और बनियान पहने एक व्यक्ति को बावड़ी में छलांग लगाते हुए देखा। सूचना मिलने पर आसपास के लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक वह गहरे पानी में डूब चुका था।

इसके बाद राज्य आपदा आपातकालीन सहायता दल को बुलाया गया। दल ने नाव और कांटे की सहायता से खोज अभियान चलाया। लंबे प्रयास के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा तैयार किया।

प्राथमिक जांच में मृतक की पहचान बड़ा बाजार क्षेत्र निवासी कमल किशोर चौरसिया के रूप में हुई। पहचान होने के बाद शव का परीक्षण कराया गया।

मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत ने बताया कि अब तक की जांच में घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवती ने धारदार हथियार लेकर किया हंगामा

**सागरः** गोपालगंज थाना क्षेत्र स्थित बस स्टैंड के पास रविवार देर रात एक युवती ने धारदार हथियार लेकर सड़क पर हंगामा किया। उसके साथ दो युवक और एक अन्य युवती भी मौजूद थे। घटना का दृश्य वहां मौजूद लोगों ने अपने चल दूरभाष में रिकॉर्ड कर सामाजिक माध्यमों पर प्रसारित कर दिया। चलचित्र सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। गोपालगंज थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि युवती की पहचान कर उसके कब्जे से धारदार हथियार और दोपहिया वाहन जब्त कर लिया गया है।

### उत्कृष्ट छात्रावासों में कोचिंग शिक्षकों के आवेदन आमंत्रित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर :** अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिला एवं विकासखंड स्तर पर संचालित उत्कृष्ट बालक एवं कन्या छात्रावासों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए कोचिंग शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विज्ञान (भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान), कम्प्यूटर एवं वाणिज्य संकाय तथा कक्षा 9वीं एवं 10वीं के गणित, अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर विषयों की कोचिंग संचालित की जाएगी।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक

**सागर :** जवाहर नवोदय विद्यालय, खुरई में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। पात्र विद्यार्थी 31 जुलाई 2026 तक नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट www.navodaya.gov.in तथा प्रवेश पोर्टल https://cbseitms.rcil.gov.in पर निःशुल्क ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय मान्यता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों में वर्तमान सत्र में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन के पात्र हैं। अभ्यर्थी का जन्म 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होना तथा उसके माता-पिता का सागर जिले का निवासी होना अनिवार्य है। चयन परीक्षा 28 नवंबर 2026 (शनिवार) को प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी।

गत वर्ष जिले से 6,026 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। इस वर्ष आवेदनों में कम से कम 10 प्रतिशत वृद्धि तथा 50 प्रतिशत या उससे अधिक बालिकाओं की भागीदारी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी संस्था प्रमुखों, प्रधानाध्यापकों एवं जनशिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 31 जुलाई 2026 से पूर्व पात्र विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत ऑनलाइन पंजीयन सुनिश्चित कराएं।

धार्मिक कार्यक्रम में मकरोनिया सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में धर्मलाभ लेने के श्रद्धालुओं की जुट रही भीड़

# पार्थिव के शिवलिंगों का निर्माण से व्यक्ति की दिशा और दशा दोनों ही बदल जाती है : महंत केशव गिरी





**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर।** उप नगरीय स्थित दीनदयाल नगर मकरोनिया में पांच दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के द्वितीय दिवस पर अनंत विभूषित ब्रह्मलीन गृहस्थ संत पंडित श्री देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी महाराज के कृपा पात्र गृहस्थ संत डॉ अनिल शास्त्री जी बड़े भैया जी के शिष्य श्री राम दरबार मंदिर के महंत गृहस्थ संत केशव गिरी महाराज जी के पावन सानिध्य में अनुष्ठान प्रातः 08 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण प्रारंभ हुआ, दोपहर 12 बजे से महारुद्राभिषेक संपन्न हुआ दोपहर 1 बजे गाजे बाजे के साथ में शिवलिंग विसर्जन किए गए। महाराज जी ने बताया करीब आधा ट्राली मिट्टी से शिवलिंग बने,198 कोपर पार्थिव शिवलिंग निर्माण हुए, 21 लीटर दूध, सात महा नदियों के जल से महाअभिषेक 11 हजार बिल्व पत्र समर्पित किए,आज 1100 नारियलों व सवाकुंटल हवन सामग्री से सायं 06 बजे से हवन होगा। कार्यक्रम के दौरान आर्शिवचन देते हुए महंत जी ने दद्दा जी महाराज को स्मरण करते हुए कहा कि विश्व राष्ट्र कल्याण का मिशन चलाने वाले और पूरे विश्व में सबसे अधिक पार्थिव शिवलिंग निर्माण कराने वाले संत मात्र दद्दा जी थे। दद्दा जी ने पूरे बुंदेलखंड वा पूरे भारत वर्ष में हर हर महादेव के साथ घर-घर महादेव पहुंचा दिये। इस अनादि काल की परंपरा को जीवंत कर दिया।हम सभी शिष्य परिवार को शिवजी से जोड़ दिया जिससे पूरे मानव समाज का कल्याण होता है महाराज जी ने कहा भगवान शंकर की पार्थिव( मिट्टी ) के शिवलिंगों का निर्माण से व्यक्ति की दिशा और दशा दोनों ही बदल जाती है चाहे उसे किसी भी ग्रह की दशा चल रही हो अशुभ ग्रहों की दशा चल रही हो तो शुभ फल देने लगता है शुभ फल प्रदान करने लग जाता है। कलयुग में सिर्फ पार्थिव शिवलिंग की ही महिमा श्री शिव महापुराण में बताई गई है इसीलिए पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण सभी को करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मकरोनिया नगर पालिका के अध्यक्ष मिहीलाल, राजा रिछारिया, विवेक सक्सैना, सीमा कमल चौधरी। दद्दा शिष्य मंडल के वरिष्ठ डॉक्टर सुखदेव मिश्रा, सुरेंद्र सुहाने, शील चैबे,अखिलेश गौर,शिशिर सर्राफ, रितेश तिवारी, अभिषेक गौर,हेमंत रायकवार, आर ऐन दुबे, नीरज गोस्वामी, लोकेश तिवारी,इंजीनियर महेंद्र गोस्वामी राजेश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे। प्रसाद वितरण डॉक्टर सुखदेव मिश्र एवं इंजीनियर महेंद्र गोस्वामी जी की ओर से था।

## प्रदेश में 7 अगस्त की रात से थमेंगे बसों के पहिए ऑपरेटरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान




**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर।** मध्य प्रदेश में 7 अगस्त की मध्यरात्रि 12 बजे से बसों के पहिए पूरी तरह थमने वाले हैं। अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर %मध्य प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन% ने प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया है। यह अहम फैसला सागर में आयोजित प्रदेशभर के बस मालिकों और पदाधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। रणनीति के तहत, 1 अगस्त को प्रदेश के सभी 55 जिलों के बस संचालक जिला कलेक्टर्स को अपना मांग पत्र सौंपेंगे। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो 7 अगस्त से हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। इस आंदोलन में ऑल इंडिया बस ऑपरेटर एसोसिएशन भी शामिल होगा, जिससे अन्य राज्यों से आने-जाने वाली अंतर्राज्यीय बस सेवाएं भी पूरी तरह बंद रहेंगी।

### एशोसिएशन की प्रमुख मांगें

**किराया वृद्धिः** 2021 के मुकाबले डीजल के दाम 69 रुपये से बढ़कर 100 रुपये पार हो चुके हैं, इसलिए पड़ोसी राज्यों की तर्ज पर बस किराया तुरंत बढ़ाया जाए।

**राजपत्र व टेंडर निरस्त होंः** 07 जुलाई 2026 के राजपत्र (राष्ट्रीयकरण) और 06 जुलाई 2026 की टेंडर व रॉयल्टी व्यवस्था को तुरंत वापस लिया जाए।

**पंजीयन व परमिटः** तैयार खड़ी लगभग 1200 नई बसों का तुरंत पंजीयन किया जाए। साथ ही, 15 साल की आयु सीमा का बंधन हटाकर केंद्रीय मोटर यान अधिनियम के अनुसार फिटनेस वैधता तक परमिट दिए जाएं।

**प्रशासनिक सुधारः** आरटीओ कार्यालयों में अधिकारियों की लेट-लतीफी व उत्पीड़न पर रोक लगे और स्थाई अंतर्राज्यीय परमिट जारी हों।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश फौजदार, नरेंद्र सिंह बुंदेला, महामंत्री जयकुमार जैन, कोषाध्यक्ष अतुल दुबे, वीरेंद्र साहू सहित सभी संभागों एवं जिलों के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। एसोसिएशन का कहना है कि सरकार के ढुलमुल रवैये के कारण यात्रियों को होने वाली असुविधा की पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर।** एकता समिति ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए याद किया। अध्यक्षता अध्यक्ष सुधीर जैन की। कार्यक्रम प्रारंभ करने के पूर्व वीर सैनिक जवान शहीदों के चित्र के समक्ष उपस्थित सभी ने दीप प्रज्जवलित श्रद्धा पूर्वक याद कर नमन किया। समाजसेवी सुधीर जैन ने कहा कि हमारे देश पर कुर्बान होने वाले वीर जवानों को हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। 26 जुलाई 1999 में कारगिल पर जो तिरंगा लहराया वह हमारे वीर जवानों ने अद्भुत साहस के साथ विजय हासिल की एवं प्राणों की आहुतियां दी तब विजय प्राप्त हुई। इस अवसर पर कमलचंद जैन, शरद गुप्ता, चंपकभाई जैन,प्रदीप समैया, अरुण जैन मासाब, प्रमोद चौरसिया, अजीत जैन, प्रमोद पटेल , राजेंद्र सोनी मामा, संजय शास्त्री एड,दीपक चौकसे ने कारगिल विजय दिवस पर विचार रखें। राजेंद्र सोनी मामा ने मधुर आवाज में देशभक्ति गीतगाकर,,,, कर चले हम फिदा जा वतन साथियों अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों,सुनाकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन संजय शास्त्री ने किया, आभार व्यक्त अरुण जैन ने व्यक्त किया।

### पटकुई में श्रीमद्भागवत कथा व शतचंडी महायज्ञ का समापनः पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने लिया आशीर्वाद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पटकुई स्थित कुबेर वाटिका में राधे-कृष्ण सत्संग परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह एवं शतचंडी महायज्ञ के समापन अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने यज्ञ वेदी की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति व खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री चौधरी ने पूज्य महामंडलेश्वर श्री 1008 आत्मानंद सरस्वती महाराज एवं मोनी महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन हमारी भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। ऐसे आयोजन समाज में पारस्परिक सद्भाव, नैतिक मूल्यों और सामाजिक एकता को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।

इस पावन अवसर पर प्रकाश गुरु, रवि उमाहिया, रामकुमार पचौरी, मुकुल पुरोहित, पुरुषोत्तम शिल्पी, बंटू मुखारया, प्रशांत समैया, सौरभ चौकसे, देवी यादव और इंजी. सत्यम सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## विकास और सांस्कृतिक वैभव भाजपा नेतृत्व में ही संभवः भूपेंद्र सिंह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर।** सागर/दतिया। भाजपा के स्टार प्रचारक, पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने दतिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में धुआंधार प्रचार किया। उन्होंने ग्राम उपरांय में आयोजित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की आमसभा में शिरकत की और जनसमर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ ओरछा स्थित ऐतिहासिक धरोहर शीशमहल का अवलोकन भी किया तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की उपस्थिति में आयोजित सम्मेलन में सहभागिता की।

दतिया के ब्रजरानी गार्डन में आयोजित दांगी क्षत्रिय समाज के सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि दतिया के विकास की पटकथा भाजपा सरकार ने ही लिखी है। प्रत्याशी आशुतोष तिवारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और वरिष्ठ नेता नरोत्तम मिश्रा के मार्गदर्शन में क्षेत्र को विकास के शिखर पर ले जाएंगे।

उन्होंने जोर देकर कहा कि डबल इंजन की सरकार ही दतिया के विकास और सांस्कृतिक वैभव को आगे बढ़ा सकती है, क्योंकि विकास से ही क्षेत्र, समाज और परिवार में समृद्धि आती है। दतिया की जनता विवेकशील है और जानती है कि प्रगति का मार्ग सिर्फ भाजपा के साथ संभव है। सम्मेलन में समाजजनों ने भूपेंद्र सिंह का भव्य स्वागत किया और भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष धीरू सिंह ने भी संबोधित किया। तत्पश्चात पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने ग्राम रेड़ा सहित कई गांवों में सघन जनसंपर्क कर चौपाल बैठकों को संबोधित किया। इस दौरान समाज व ग्रामीण बैठकों में माधव सिंह दांगी, भगवत सिंह दांगी, लल्लू सिंह, नाथूराम सिंह, प्रशांत सिंह, श्रीराम सिंह, बहादुर सिंह, रामकुमार सिंह, केशव सिंह, स्वामी शरण सिंह, रामअवतार तिवारी और पप्पू पटेल सहित बड़ी संख्या में नागरिक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

**स्पेशल खबर** एसवीएन के संस्थापक कुलपति डॉ. तिवारी ने रथ को दी गति, उतारी आरती

# सेवा और समर्पण के भाव के साथ भव्यता से श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव सम्पन्न





**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर।** स्वयं सिद्धा सागर द्वारा सेवा और समर्पण के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के रूप में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। रथ यात्रा का शुभारंभ सिविल लाइन स्थित सिटी ऑफिस से हुआ। प्रभु की भक्ति से ओत-प्रोत स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने रथ को गति प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रथ यात्रा हमें निस्वार्थ भाव से सेवा करने की प्रेरणा देती है। लाखों लोगों का बिना किसी स्वार्थ के केवल प्रभु की सेवा में जुट जाना हमें मानवता का पाठ पढ़ाता है। यह पर्व हमारी प्राचीन परंपराओं को जीवित रखने और आने वाली पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि आत्मा की परमात्मा से मिलन की जीवंत अनुभूति है। राजघाट से पधारे आदरणीय श्री राधारमण दास जी गुरुदेव ने कहा कि जगन्नाथ यात्रा में सम्मिलित होना, प्रभु के दर्शन करना और भजन-कीर्तन से आत्मिक शांति प्राप्त करना भौतिक जगत से ईश्वर के सानिध्य में पहुंचने का सबसे उत्तम साधन है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में भारतीय स्त्री शक्ति सागर (म.प्र.) की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा कि यह यात्रा संदेश देती है कि भगवान स्वयं अपने भक्तों से मिलने मंदिर के गर्भगृह से बाहर आकर सड़कों पर उतरते हैं। जैसे रथ को खींचने के लिए कई हाथों के सामूहिक सहयोग की आवश्यकता होती है, वैसे ही समाज और देश की प्रगति के लिए सामूहिक प्रयास और एकता जरूरी है। कार्यक्रम के उपरांत भगवान जगन्नाथ विश्राम के लिए डॉ. अनिल कुमार तिवारी एवं डॉ. प्रतिभा तिवारी के निवास पर पधारे। इस अवसर पर सच्चिदानंद स्वरूप भगवान जगन्नाथ की विशेष पूजा-अर्चना, आरती, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इंदौर से पधारे नर्मदा अष्टक गायक दिनेश केवट की मधुर भजन प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रथ यात्रा के दौरान सागर की महापौर संगीता तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष संध्या भार्गव, अभाविप प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सौम्या तिवारी, लीगल राइट्स की प्रदेश अध्यक्ष अनुश्री जैन, एल्डरमैन आशा सिलाकारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुश्री मेघा दुबे, प्रीति शर्मा और कविता लारिया सहित कई जनों ने भगवान की भव्य आरती उतारी।

कार्यक्रम का संयोजन इंदौर की याशिका संस्था के अध्यक्ष अल्पेश शर्मा और सहसंयोजन सुमन तिवारी एवं ज्योति गौतम द्वारा किया गया। इस दौरान दीपक पौराणिक, लकी, शालिनी तिवारी, अनिल सेन, अर्चना चौरसिया, वर्षा ठाकुर, डॉ. शशि ठाकुर, सुश्री दीपा तिवारी, प्रतिभा चौबे, मनीषा मिश्रा और रितु तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। महाप्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का सफलतापूर्वक समापन हुआ।